www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

## UGC NET Paper 2 December 30, 2012 Shift 1 Psychology Question Paper

# PAPER-II
# PSYCHOLOGY

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________

   (Name) ____________________________

2. (Signature) ____________________________

   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : ............................................

(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.____________________________________

(In words)

**D 0 4 1 2**

Time : 1 $^1/_4$ hours]

[Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **16**

Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** (A) (B) ● (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**

www.prepp.in
prepp Your Personal Exams Guide

# PSYCHOLOGY
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** In an experiment the stimuli were presented to the subjects in certain order and after the presentation of stimuli their order was disturbed. In the test phase the subjects were needed to set them in the presented order. Which of the following methods was used in this experiment ?
(A) Recognition (B) Relearning
(C) Reconstruction (D) Recall

**2.** Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R). Indicate your answer using the codes given below :
**Assertion (A) :** If your teacher embarrasses you for asking a question in class, it is less likely that you would ask questions in class in future.
**Reason (R) :** Negative reinforcement reduces the occurrence of a behaviour.
**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

**3.** What is the correct sequence of sympathetic and parasympathetic division given below ?
(A) Thoracic – Sacral – Cranial – Cervical – Lumbar
(B) Cranial – Lumbar – Thoracic – Cervical – Sacral
(C) Sacral – Cervical – Thoracic – Cranial – Lumbar
(D) Sacral – Cranial – Cervical – Thoracic – Lumbar

**4.** The human ear can generally hear sounds ranging from
(A) 20 – 1000 Hz
(B) 10 – 2000 Hz
(C) 20 – 2000 Hz
(D) 1000 – 5000 Hz

**5.** Match List – I with List – II and indicate your answer using codes given below :

| List – I (Personality Theories) | List – II (Focus) |
|---|---|
| p. Behaviourists | 1. Self-concepts |
| q. Psychodynamic | 2. Habits |
| r. Biological | 3. Childhood fixations |
| s. Humanistic | 4. Inheritance of genes |

**Codes :**

| | p | q | r | s |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (B) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (C) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (D) | 1 | 4 | 2 | 3 |

**6.** The chronological age that most typically corresponds to a given level of performance is called
(A) Intelligence Quotient
(B) Maturation
(C) Mental age
(D) None of the above

**7.** The role of unconscious in creative thinking is known as the process of
(A) Verification
(B) Illumination
(C) Inoculation
(D) Incubation

Prepp
Your Personal Exams Guide

# मनोविज्ञान

## प्रश्नपत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** एक प्रयोग में प्रयोज्यों के समक्ष उद्दीपकों का प्रस्तुतीकरण एक विशिष्ट क्रम में करने के बाद उनका क्रम भंग कर दिया गया । मापन के समय प्रयोज्यों को उन्हें प्रस्तुत किये गये क्रम में रखना था । इस प्रयोग में निम्नलिखित में से कौन सी विधि का उपयोग किया गया ?

(A) अभिज्ञान

(B) पुन:अधिगम

(C) पुन:रचना

(D) स्मरण

**2.** नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) का नाम दिया गया है । नीचे दिये कूटों की सहायता से अपना उत्तर बताएँ :

**अभिकथन (A) :** यदि आपका शिक्षक कक्षा में प्रश्न पूछने के लिये आपको लज्जित करता है, तो यह कम संभावित है कि आप भविष्य में कक्षा में प्रश्न पूछेंगे ।

**कारण (R) :** नकारात्मक पुनर्बलन-व्यवहार की पुन: उपस्थिति को घटाता है ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

**3.** नीचे दिए गए सहानुभूतिक और सहानुभूतिक परक विभाजन का सही अनुक्रम क्या है ?

(A) वक्ष – सेक्रमी – कपाल – ग्रीवा – कटि

(B) कपाल – कटि – वक्ष – ग्रीवा – सेक्रमी

(C) सेक्रमी – ग्रीवा – वक्ष – कपाल – कटि

(D) सेक्रमी – कपाल – ग्रीवा – वक्ष – कटि

**4.** मनुष्य के कान सामान्यत: कितनी दूरी (रेंज) तक की आवाज़ सुन सकते हैं ?

(A) 20 – 1000 Hz

(B) 10 – 2000 Hz

(C) 20 – 2000 Hz

(D) 1000 – 5000 Hz

**5.** सूची – I को सूची – II के साथ मिलाएँ और नीचे दिए गए कूटों के माध्यम से उत्तर को मिलाएँ :

| **सूची – I (व्यक्तित्व सिद्धान्त)** | **सूची – II (केन्द्र बिन्दु)** |
|---|---|
| p. व्यवहारवादी | 1. स्व-धारणा |
| q. मनोगतिक | 2. आदतें |
| r. जैविक | 3. बालपन स्थिरीकरण |
| s. मानवतावादी | 4. जीन्स का वंशानुगत होना |

**कूट :**

| | p | q | r | s |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (B) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (C) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (D) | 1 | 4 | 2 | 3 |

**6.** कालानुक्रमिक आयु जो सर्वाधिक ठेठ रूप से निष्पादन के प्रदत्त स्तर के अनुरूप होती है, क्या कहलाती है ?

(A) बुद्धि लब्धि

(B) परिपक्वन

(C) मानसिक आयु

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**7.** सृजनात्मक सोच में अचेतन की भूमिका किस प्रक्रिया के नाम से जानी जाती है ?

(A) सत्यापन

(B) प्रदीप्ति

(C) टीकाकरण

(D) उष्मायन

**8.** Which factor is not much related to happiness ?
(A) High self-esteem
(B) Educational level
(C) Close friendship or satisfactory marriage
(D) Meaningful religious faith

**9.** Which is the correct order of 'Products' given by Guilford ?
(A) Units, Relations, Classes, Systems, Implications, Transformations
(B) Units, Classes, Systems, Relations, Implications, Transformations
(C) Units, Classes, Relations, Systems, Transformations, Implications
(D) Units, Classes, Systems, Relations, Transformations, Implications

**10.** Which is not the obstacle to problem solving ?
(A) Confirmation bias
(B) Fixation
(C) Mental Set
(D) Heuristics

**11.** Given below are two statements, one labelled as Assertion (A), and the other labelled as Reason (R). Indicate your answer using the codes given below :

**Assertion (A) :** Algorithm is a logical rule that guarantees solving a particular problem.

**Reason (R) :** One can find the solution even to complex problems by following step by step procedure.

**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

**12.** Which of the following statements concerning reinforcement is correct ?
(A) Learning is most rapid with partial reinforcement, but continuous reinforcement produces the greatest resistance to extinction.
(B) Learning is most rapid with continuous reinforcement but partial reinforcement produces the greatest resistance to extinction.
(C) Learning is the fastest and resistance to extinction is the greatest after continuous reinforcement.
(D) Learning is the fastest and resistance to extinction is the greatest following partial reinforcement.

**13.** The sentence "Blue Jeans wear false smiles" has correct _______ but incorrect ________.
(A) Morphemes; phonemes
(B) Phonemes; morphemes
(C) Semantics; syntax
(D) Syntax; semantics

**14.** Match the following lists according to the types and characteristics of thinking :

| List – I (Types of Thinking) | List – II (Characteristics) |
|---|---|
| p. Autistic thinking | 1. Reasoning |
| q. Realistic thinking | 2. Drawing facts |
| r. Convergent thinking | 3. Unusual uses |
| s. Creative thinking | 4. Fantasy |

**Codes :**

| | p | q | r | s |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (B) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (C) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (D) | 4 | 1 | 2 | 3 |

8. कौन सा कारक खुशी/प्रसन्नता के साथ अधिक सम्बन्धित नहीं है ?
   (A) उच्च स्व-प्रतिष्ठा
   (B) शैक्षिक स्तर
   (C) घनिष्ट मित्रता या संतोषजनक विवाह
   (D) अर्थपूर्ण धार्मिक विश्वास

9. गिलफोर्ड द्वारा दिया गया 'उत्पादों' का सही क्रम क्या है ?
   (A) इकाइयाँ, सम्बन्ध, वर्ग, व्यवस्थाएँ, निहितार्थ, रूपान्तरण
   (B) इकाइयाँ, वर्ग, व्यवस्थाएँ, सम्बन्ध, निहितार्थ, रूपान्तरण
   (C) इकाइयाँ, वर्ग, सम्बन्ध, व्यवस्थाएँ, रूपान्तरण, निहितार्थ
   (D) इकाइयाँ, वर्ग, व्यवस्थाएँ, सम्बन्ध, रूपान्तरण, निहितार्थ

10. समस्या समाधान की बाधा कौन सी नहीं है ?
   (A) पुष्टि पूर्वाग्रह
   (B) स्थायीकरण
   (C) मानसिक प्रवृत्ति
   (D) अन्वेषणकारी/स्वानुभविकी

11. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) का नाम दिया गया है । नीचे दिये गये कूटों की सहायता से अपना उत्तर बताइए :

   **अभिकथन (A) :** अलगॉरिथ्म तार्किक नियम है जो एक विशेष समस्या का समाधान सुनिश्चित करता है ।

   **कारण (R) :** क्रमबद्ध कार्यप्रक्रिया को अपनाने से जटिल समस्याओं का भी समाधान ज्ञात किया जा सकता है ।

   **कूट :**
   (A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
   (B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
   (C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।
   (D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

12. पुनर्बलन/प्रबलीकरण के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सही है ?
   (A) आंशिक प्रबलीकरण के साथ अधिगम सर्वाधिक तेज होता है, परन्तु सतत प्रबलीकरण विलोप के प्रति वृहदत्तम विरोध उत्पन्न करता है ।
   (B) सतत प्रबलीकरण के साथ अधिगम सर्वाधिक तेज होता है परन्तु आंशिक प्रबलीकरण विलोप का वृहदत्तम विरोध उत्पन्न करता है ।
   (C) सतत प्रबलीकरण के बाद, अधिगम सबसे शीघ्र और विलोप का विरोध वृहदत्तम होता है ।
   (D) आंशिक प्रबलीकरण के कारण अधिगम सर्वाधिक शीघ्र और विलोप का विरोध वृहदत्तम होता है ।

13. "ब्लू जीन्स वियर फॉल्स स्माइल्स" इस वाक्य में _____ सही है और ______ गलत हैं ।
   (A) रूपिम ; स्वनिम
   (B) स्वनिम ; रूपिम
   (C) अर्थ विषयी ; वाक्य विन्यास
   (D) वाक्य विन्यास ; अर्थ विषयी

14. सूची – I (सोच के प्रकार) को सूची – II (सोच की विशेषताएँ) के साथ सुमेलित करें :

| **सूची – I (सोच के प्रकार)** | **सूची – II (सोच की विशेषताएँ)** |
|---|---|
| p. स्वलीन सोच | 1. तर्कना |
| q. वास्तविक सोच | 2. तथ्य निकालना |
| r. अभिसारी सोच | 3. असाधारण उपयोग |
| s. सृजनात्मक सोच | 4. स्वैरकल्पना (फैन्टेसि) |

   **कूट :**

| | p | q | r | s |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (B) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (C) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (D) | 4 | 1 | 2 | 3 |

Prepp
Your Personal Exams Guide

**15.** The main function of autoclitic behaviour is to
1. Qualify responses
2. Express relations
3. Providing a grammatical framework for verbal behaviour

**Codes :**
(A) 1 only
(B) 2 and 3 only
(C) 1 and 3 only
(D) 1, 2 and 3

**16.** The phi-phenomenon, stroboscopic motion, induced motion and autokinetic motion are all
(A) Pictorial cues
(B) Apparent motion
(C) Double images
(D) Non-verbal cues

**17.** Which one of the following is the most important feature of the defense mechanism of Rationalization ?
(A) Going back to an earlier stage of development.
(B) Justifying one's actions.
(C) Magically atoning for certain acts that give rise to guilt.
(D) Attributing one's emotions to other persons.

**18.** "People control basic anxiety by moving toward, away from, and against others."
Which group of personality psychologists theorized this statement ?
(A) Psychoanalytic
(B) Neo-Freudian
(C) Social learning
(D) Cognitive

**19.** A psychotic person would probably score the highest on which MMPI-2 scale ?
(A) Depression
(B) Hysteria
(C) Schizophrenia
(D) Mania

**20.** Match List – I with List – II and indicate your answer by using the codes given below the lists :

| **List – I (Part of eye)** | **List – II (Function)** |
|---|---|
| p. Pupil | 1. Focus images on the retina. |
| q. Iris | 2. Begin the processing of visual information. |
| r. Lens | 3. Allows light to enter. |
| s. Retina | 4. Controls the size of the pupil. |

**Codes :**

| | p | q | r | s |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (C) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (D) | 4 | 2 | 1 | 3 |

**21.** Learning by imitating others' behaviour is called _______ learning. The researcher best known for studying this type of learning is
(A) Observational : Bandura
(B) Secondary : Pavlov
(C) Observational : Watson
(D) Secondary : Skinner

**22.** As we enter a movie theatre from bright light the visual sensitivity increases and within 5-10 minutes we are able to see under low levels of illumination. This is due to
(A) Visual acuity
(B) Dark adaptation
(C) Saturation
(D) Transduction

**23.** Which of the following internal conditions determine perceptual process ?
1. Intelligence 2. Emotion
3. Motivation 4. Information
(A) 1 and 2 only (B) 2 and 3 only
(C) 2 and 4 only (D) 1 and 4 only

**15.** ऑटोक्लिटिक व्यवहार का मुख्य कार्य क्या है ?
1. प्रतिक्रियाओं को विशेषित करना
2. सम्बन्धों को व्यक्त करना
3. मौखिक व्यवहार के लिए व्याकरणीय रूपरेखा प्रदान करना

**कूट :**
(A) सिर्फ 1
(B) सिर्फ 2 और 3
(C) सिर्फ 1 और 3
(D) 1, 2 और 3

**16.** फाई-परिदृश्य, घूर्णनदर्शी गति, उत्प्रेरित गति और स्वत: गतिक गति, सभी क्या हैं ?
(A) चित्रमय संकेत
(B) दृश्यमान गति
(C) दोहरी छवियाँ
(D) गैर-वाचिक संकेत

**17.** नीचे दी गई युक्तिकरण की रक्षा क्रियाविधि में सबसे महत्त्वपूर्ण क्या है ?
(A) विकास की प्रारम्भिक अवस्था में वापस जाना ।
(B) अपनी क्रियाओं को पमाणित करना ।
(C) कुछ कृत्य जो आत्म ग्लानि को जन्म दें उनका चमत्कारी ढंग से प्रायश्चित करना ।
(D) अपने संवेदों को दूसरे व्यक्तियों के संवेदों पर आरोपित करना ।

**18.** "व्यक्ति मूल दुश्चिंता पर अन्य व्यक्तियों की ओर जाकर, उनसे दूर जाकर, और उनके विरुद्ध जाकर नियन्त्रण करते है ।"
किस ग्रुप के व्यक्तित्व मनोवैज्ञानिकों ने यह सिद्धान्त प्रस्तुत किया है ?
(A) मनोविश्लेषणात्मक
(B) नियो फ्रॉयडियन
(C) सामाजिक अधिगम
(D) संज्ञानात्मक

**19.** एक मनस्तापी व्यक्ति को संभवत: किस एम.एम.पी.आई-2 स्केल पर उच्चतम अंक प्राप्त होंगे ?
(A) अवसाद (B) हिस्टीरिया
(C) मनोविदलता (D) उन्माद

**20.** सूची – I को सूची – II के साथ मिलाएँ और नीचे दिए गए कूटों के प्रयोग से अपना उत्तर अंकित करें :

| **सूची – I (आँख का एक भाग)** | **सूची – II (कार्य)** |
|---|---|
| p. पुतली | 1. रेटिना पर छवि केन्द्रित करता है |
| q. आइरिस | 2. दृष्टिक सूचना प्रक्रिया आरम्भ करता है । |
| r. लेन्स | 3. प्रकाश को प्रवेश करने देता है । |
| s. रेटिना | 4. पुतली के आकार पर नियन्त्रण रखता है । |

**कोड :**

| | p | q | r | s |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (C) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (D) | 4 | 2 | 1 | 3 |

**21.** दूसरे के व्यवहार का अनुकरण करते हुए सीखना कौन सा अधिगम कहलाता है ? और इस प्रकार के अधिगम का अध्ययन करने वाला सुप्रसिद्ध शोध कर्ता कौन है ?
(A) प्रेक्षणमूलक : बंदुरा
(B) गौण : पावलोव
(C) प्रेक्षणमूलक : वॉटसन
(D) गौण : स्किन्नर

**22.** जब हम चमकती रोशनी से फिल्म थियेटर में प्रवेश करते हैं तो दृष्टि संवेदनशीलता बढ़ जाती है और 5-10 मिनटों के अन्दर हम प्रकाश व्यवस्था के दो स्तरों के अंतर्गत देख पाते हैं । ऐसा किस कारण से होता है ?
(A) दृष्टि तीक्ष्णता
(B) तम व्यनुकूलन
(C) संतृप्ति
(D) परांतरित्रीय (ट्रान्सडक्शन)

**23.** निम्नलिखित में से कौन सी आन्तरिक स्थितियाँ प्रात्यक्षिक प्रक्रिया को निर्धारित करती हैं ?
1. बुद्धि 2. संवेग
3. अभिप्रेरणा 4. सूचना
(A) सिर्फ 1 और 2 (B) सिर्फ 2 और 3
(C) सिर्फ 2 और 4 (D) सिर्फ 1 और 4

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**24.** Wechsler Adult Intelligence Scale has eleven subtests out of which
(A) five are verbal and six are performance.
(B) six are verbal and five are performance.
(C) seven are verbal and four are performance.
(D) four are verbal and seven are performance.

**25.** What is the correct sequence of memory processes ? Indicate your answer using the codes given below :

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Encoding | 2. | Storage |
| 3. | Attention | 4. | Retrieval |

**Codes :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) | 3, 1, 2, 4 | (B) | 2, 3, 1, 4 |
| (C) | 1, 3, 2, 4 | (D) | 3, 2, 1, 4 |

**26.** Match the monocular cues with their explanations and select the correct answer using the code given below :

| **List – I (Cues)** | **List – II (Explanation)** |
|---|---|
| p. Relative size | 1. Straight lines seem to join together as they become more distant. |
| q. Linear perspective | 2. An object changes position on the retina as the head moves. |
| r. Motion Parallax | 3. If two objects are of same size, the one producing the smaller retinal image is farther away. |
| s. Texture gradient | 4. The texture of a surface appears smoother as distance increases. |

**Codes :**

| | p | q | r | s |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (B) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (C) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (D) | 2 | 4 | 1 | 3 |

**27.** Read the following two statements, Assertion (A) and Reason (R) and indicate your answer using the codes given below :

**Assertion (A) :** Biderman's 'recognition by components' theory states that objects can be thought of as being composed of basic building blocks called Geons.

**Reason (R) :** The relationship between features and geons does not exist. Geons are not composed of features such as edges, corners etc.

**Codes :**
(A) (A) and (R) are false.
(B) (A) is false, but (R) is true.
(C) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(D) (A) is true, but (R) is false.

**28.** Read each of the following two statements – Assertion (A) and Reason (R) and indicate your answer using the codes given below :

**Assertion (A) :** People just coldly store and retrieve bits of data.

**Reason (R) :** Psychologists recognize that people reconstruct their own version of the past.

**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is false, but (R) is true.
(D) (A) is true, but (R) is false.

**29.** Ventromedial nucleus, a central area on the underside of the hypothalamus, lead to
(A) Excessive eating
(B) Stop-eating
(C) Stop sex
(D) Excessive obesity

Prepp Your Personal Exams Guide

24. वैक्सलर प्रौढ़ बुद्धि मापनी के ग्यारह उपपरीक्षण होते हैं जिसमें से
(A) पाँच मौखिक और छ: निष्पादन के हैं ।
(B) छ: मौखिक हैं और पाँच निष्पादन के हैं ।
(C) सात मौखिक और चार निष्पादन के हैं ।
(D) चार मौखिक और सात निष्पादन के हैं ।

25. स्मृति प्रक्रियाओं का सही अनुक्रम क्या है ? नीचे दिए कूटों की सहायता से अपना उत्तर बताइए :
1. कूट संकेतन 2. संचयीकरण
3. अवधान 4. प्रत्यानयन
**कूट** :
(A) 3, 1, 2, 4 (B) 2, 3, 1, 4
(C) 1, 3, 2, 4 (D) 3, 2, 1, 4

26. सूची – I (एक नेत्री संकेत) को सूची – II (उनकी व्याख्या) के साथ सुमेलित करें और नीचे दिए कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

| **सूची – I (एक नेत्री संकेत)** | **सूची – II (व्याख्या)** |
|---|---|
| p. सापेक्ष आकार | 1. जब दो रेखाएँ ज्यादा दूर हो जाती हैं तो वे दोनों एक दूसरे से मिलती हुई प्रतीत होती हैं । |
| q. रेखीय परिप्रेक्ष्य | 2. जब सिर गतियमान हो तो दृष्टिपटल पर वस्तु, स्थिति बदल लेती है । |
| r. गति दिगंतराभास | 3. यदि दो वस्तुएँ एक समान आकार की हैं, तो वो वस्तु जो ज्यादा छोटी दृष्टि पटलीय छवि बनाती है ज्यादा दूर होती है । |
| s. रचना गुण प्रवणता | 4. दूरी के बढ़ जाने से सतह की रचना ज्यादा चिकनी लगती है । |

**कूट :**

| | p | q | r | s |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (B) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (C) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (D) | 2 | 4 | 1 | 3 |

27. निम्नलिखित दो कथनों-अभिकथन (A) और कारण (R) को पढिए और दिये गये कूटों से उत्तर दें :
**अभिकथन (A) :** बीडरमैन का रिकॉगनीशन बाय कॉम्पोनेंट्स सिद्धान्त बताता है कि वस्तुओं को मूलभूत निर्माणकारी खंडों, जिसे जिओंस कहते हैं, से संघटित समझे जा सकते हैं ।
**कारण (R) :** अभिलक्षणों और जिओंस के बीच सम्बन्ध मौजूद नहीं है । जिओंस अभिलक्षणों जैसे किनारे, कोने इत्यादि से संघटित नहीं होते हैं ।
**कूट :**
(A) (A) और (R) दोनों असत्य हैं ।
(B) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।
(C) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(D) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

28. नीचे दिये दो कथनों-अभिकथन (A) और कारण (R) पढ़िए और नीचे दिये कूटों की सहायता से अपना उत्तर बताइए :
**अभिकथन (A) :** लोग सिर्फ भावशून्यता के साथ आँकड़ों का संचय करते हैं और उनका प्रत्यानयन करते हैं ।
**कारण (R) :** मनोवैज्ञानिक जानते हैं कि लोग अपने भूतकाल की संरचना स्वयं करते हैं ।
**कूट :**
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(C) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।
(D) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

29. वेन्ट्रोमेडियल न्यूक्लिअस, हाइपोथैलमस के नीचे की तरफ का केन्द्रीय क्षेत्र, किस और प्रवृत करता है ?
(A) अत्यधिक खाना
(B) खाना बंद कर देना
(C) सैक्स बंद कर देना
(D) अत्यधिक मोटापा

**30.** Read each of the following two statements :

Assertion (A) and Reason (R) and indicate your answer using the codes below :

**Assertion (A) :** According to interference theory of forgetting, forgetting is caused due to the intervening task which occurs between original task and its recall.

**Reason (R) :** The intervening task weaken the memory trace.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**31.** Match List – I with List – II and indicate your answer using the codes given below :

| List – I (Emotion) | List – II (Nerves Activity) |
|---|---|
| p. Fear | 1. Parasympathetic arousal |
| q. Anger | 2. Sympathetic arousal |
| r. Depression | 3. Sympathetic and parasympathetic arousal |
| | 4. Psychosomatic |

**Codes :**

| | p | q | r |
|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 3 | 1 |
| (B) | 1 | 2 | 3 |
| (C) | 2 | 1 | 3 |
| (D) | 3 | 2 | 1 |

**32.** Read the following two statements, Assertion (A) and Reason (R) and indicate your answer using the codes given below :

**Assertion (A) :** The high achievement motivation displayed by children has emotional roots.

**Reason (R) :** Highly motivated children often have parents who encourage their independence from an early age and praise and reward them for their successes.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**33.** A person, otherwise limited in mental ability, has amazing specific skills. This is because of

(A) Academic under-achievement

(B) Practical Intelligence

(C) Academic over-achievement

(D) Savant Syndrome

**34.** A man borrows money and forgets to pay it back because paying back is painful. This is an example of

(A) Repression

(B) Reaction Formation

(C) Regressia

(D) Rationalization

**35.** Whenever daughter performs well in her studies she receives a chocolate from parents but her brother is given a chocolate only when he gets the highest marks in the class. This is a paradigm of

(A) Positive and negative reinforcement.

(B) Primary and secondary reinforcement.

(C) Continuous and secondary reinforcement.

(D) Continuous and partial reinforcement.

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**30.** निम्नलिखित दो कथनों को पढ़ें : अभिकथन (A) तथा कारण (R) और नीचे दिए कूटों की सहायता से अपना उत्तर बताइए :

**अभिकथन (A) :** भूलने के व्यतिकरण सिद्धान्त के अनुसार विस्मृति अंतवर्ती कार्य, जो मूल कार्य तथा उसके स्मरण के बीच घटित होता है, के कारण उत्पन्न होती है ।

**कारण (R) :** अंतवर्ती कार्य, स्मृति अवशेष को कमज़ोर करता है ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

**31.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिए कूटों की सहायता से अपना उत्तर बताइये :

| **सूची – I (संवेग)** | **सूची – II (तंत्रिका गतिविधि)** |
|---|---|
| p. भय | 1. परासहानुभूति मूलक भाव प्रबोधन |
| q. क्रोध | 2. सहानुभूतिकमूलक भाव प्रबोधन |
| r. अवसाद | 3. सहानुभूतिमूलक तथा परा सहानुभूतिमूलक भाव प्रबोधन |
| | 4. मनोदैहिक |

**कूट :**

| | p | q | r |
|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 3 | 1 |
| (B) | 1 | 2 | 3 |
| (C) | 2 | 1 | 3 |
| (D) | 3 | 2 | 1 |

**32.** निम्नलिखित दो कथन : अभिकथन (A) और कारण (R) पढ़ें और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर बताइये :

**अभिकथन (A) :** बच्चों द्वारा प्रदर्शित उच्च उपलब्धि की अभिप्रेरणा की जड़ें संवेगात्मक होती हैं ।

**कारण (R) :** अत्यधिक अभिप्रेरित बच्चों के प्रायः अभिभावक वे होते हैं जो बच्चों की स्वतन्त्रता को आरम्भिक अवस्था से ही प्रोत्साहित करते हैं और उनकी सफलताओं के लिये उनकी प्रशंसा एवं पुरस्कार देते हैं ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

**33.** एक व्यक्ति, जिसमें मानसिक क्षमता सीमित होने पर आश्चर्यजनक विशिष्ट कौशल होते हैं । यह निम्नलिखित कारण से होता है :

(A) अकादमिक अल्प-उपलब्धि

(B) व्यावहारिक बुद्धि

(C) अकादमिक अति-उपलब्धि

(D) ज्ञानि-संलक्षण

**34.** एक व्यक्ति पैसे उधार लेता है और उसे वापस देना भूल जाता है क्योंकि पैसे वापस करना कष्ट कारक है । यह किसका उदाहरण है ?

(A) दमन

(B) प्रतिक्रिया विधान

(C) प्रतिगमन

(D) युक्तिकरण

**35.** जब भी बेटी अपनी पढ़ाई में उत्तम निष्पादन करती है उसे अभिभावकों से चॉकलेट मिलती है, परन्तु उसके भाई को चॉकलेट सिर्फ तभी मिलती है जब वो कक्षा में अधिकतम अंक प्राप्त करता है । यह किसका दृष्टान्त प्रतिरूप है ?

(A) सकारात्मक तथा नकारात्मक प्रबलीकरण

(B) प्राथमिक तथा गौण (या द्वितीयक) प्रबलीकरण

(C) सतत तथा गौण प्रबलीकरण

(D) सतत तथा आंशिक प्रबलीकरण

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**36.** The location of the optic nerve exit point from the retina of the eye is called as
(A) Bipolar cell (B) Fovea
(C) Blind spot (D) Cone

**37.** For an intelligence test, while computing item-remainder correlations for item analysis, we compute
(A) Phi-coefficient
(B) Spearman rho
(C) Tetrachoric correlation
(D) Point-biserial correlation

**38.** Which of the following personality psychologist does not fall in the group of humanistic approaches of personality ?
(A) Carl Rogers
(B) Rollo May
(C) Martin Saligman
(D) Abraham Maslow

**39.** A subject has a T score (Mean = 50; SD = 10) of 40 on an abstract reasoning test. The corresponding percentile rank would be
(A) 16 (B) 34
(C) 40 (D) 84

**40.** Which of the following tests are considered to be culture-fair tests of intelligence ?
1. Cattell's Culture-Fair Test of Intelligence
2. Raven's Progressive Matrices
3. Wechsler's Intelligence Scale for Children
4. Goodenough-Harris Test

**Codes :**
(A) 1 only
(B) 1 and 2 only
(C) 1, 2 and 3 only
(D) 1, 2 and 4 only

**41.** The information in terms of sound is maintained in
(A) Semantic code
(B) Acoustic code
(C) Iconic code
(D) Information code

**42.** Which of the following personality tests are considered to be the projective in nature ?
1. Thematic Apperception Test
2. Kent-Rosenoff Word Association Test
3. NEO Five-Factor Inventory
4. Rotter's Incomplete Sentence Blank
(A) 1 only
(B) 1 and 2 only
(C) 1, 2 and 4 only
(D) 2, 3 and 4 only

**43.** Read each of the following two statements Assertion (A) and Reason (R) and indicate your answer using the codes below :

**Assertion (A) :** Thalamus and Hypothalamus play an important role in emotions.

**Reason (R) :** Thalamus and Hypothalamus anatomically lie close each other.

**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, (R) is false.
(D) (A) is false, (R) is true.

**44.** Taylor conceptualized anxiety as a drive and hypothesized that subjects scoring higher on her anxiety scale would be conditioned faster than the low-scoring subjects. The experimental studies confirmed this hypothesis for eyelid conditioning. The results provide evidence for the
(A) predictive validity of the anxiety scale.
(B) construct validity of the anxiety scale.
(C) concurrent validity of the anxiety scale.
(D) content validity of the anxiety scale.

Prepp
Your Personal Exams Guide

**36.** आँख के रेटीना से दृक तन्त्रिका निकास स्थान की अवस्थापना को कहते हैं

(A) बाइपोलर सेल (B) फोविया

(C) अंध बिन्दु (D) कोन

**37.** बुद्धि परीक्षण के लिये, मद विश्लेषण हेतु मद अवशेष सहसम्बन्धों की गणना करते समय, हम किसकी गणना करेंगे ?

(A) फाई गुणांक

(B) स्पियरमैन रो

(C) चतुष्कोष्ठिक सहसम्बन्ध

(D) बिन्दु द्विपंक्तिक सहसम्बन्ध

**38.** निम्नलिखित में से कौन सा व्यक्तित्व मनोवैज्ञानिक, व्यक्तित्व के मानवतावादी दृष्टिकोण के ग्रुप के अन्तर्गत नहीं आता है ?

(A) कार्ल रॉजर्स (B) रोलो में

(C) मार्टिन सेलिगमन (D) अब्राहम मैसलो

**39.** एक प्रयोज्य अमूर्त तर्कना परीक्षण पर 40 का T स्कोर (माध्य = 50 ; मानक विचलन = 10) प्राप्त करता है । प्रयोज्य की समवर्ती शततमक श्रेणी क्या होगी ?

(A) 16 (B) 34

(C) 40 (D) 84

**40.** निम्नलिखित में से कौन से परीक्षण बुद्धि के संस्कृति मुक्त परीक्षण समझे जाते हैं ?

1. बुद्धि का केटेल का कल्चर फेअर परीक्षण
2. रेवन के प्रगामी मैट्रिसिस
3. बच्चों के लिए वेशलर बुद्धि मापनी
4. गुडेनू-हैरिस परीक्षण

**कूट** :

(A) सिर्फ 1

(B) सिर्फ 1 और 2

(C) सिर्फ 1, 2 और 3

(D) सिर्फ 1, 2 और 4

**41.** ध्वनि के सम्बन्ध में सूचना निम्नलिखित में रखी जाती है :

(A) शब्दार्थ कूट

(B) ध्वन्यनुकरण कूट

(C) प्रतिमा सम्बन्धी कूट

(D) सूचना कूट

**42.** निम्नलिखित में से कौन से व्यक्तित्व परीक्षण प्रक्षेपणीय प्रकृति के समझे जाते हैं ?

1. कथानक संप्रत्यक्षण परीक्षण
2. केन्ट-रोज़ेनोफ शब्द साहचर्य परीक्षण
3. निओ (NEO) पाँच घटक सूची
4. रोटर का अपूर्ण वाक्य रिक्त (या निरंक)

(A) सिर्फ 1

(B) सिर्फ 1 और 2

(C) सिर्फ 1, 2 और 4

(D) सिर्फ 2, 3 और 4

**43.** निम्नलिखित दोनों कथन अभिकथन (A) और कारण (R) पढ़ें और नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग करते हुए उत्तर अंकित करें :

**अभिकथन (A) :** थैलेमस और हाइपोथैलेमस की संवेग में महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है ।

**कारण (R) :** थैलेमस और हाइपोथैलेमस शरीर-रचनात्मक रूप से एक दूसरे के निकट रहते हैं ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सत्य है, (R) असत्य है ।

(D) (A) असत्य है, (R) सत्य है ।

**44.** टेलर ने दुश्चिन्ता को अंतर्नोद के रूप में प्रत्ययीकरण किया कि जो प्रयोज्य दुश्चिन्ता मापनी पर उच्च प्राप्तांक पाते हैं, वे शीघ्रता से अनुकूलित होंगे बजाय न्यून प्राप्तांक पाने वाले प्रयोज्यों के । प्रायोगिक अध्ययन, पलक (या नेत्रच्छद) अनुकूलन के लिये इस परिकल्पना की पुष्टि करते हैं । परिणाम निम्नलिखित के लिए साक्ष्य प्रदान करते हैं :

(A) दुश्चिन्ता मापनी की भविष्यसूचक वैधता

(B) दुश्चिंता मापनी की संरचनात्मक वैधता

(C) दुश्चिंता मापनी की समवर्ती वैधता

(D) दुश्चिंता मापनी की विषयवस्तु वैधता

**45.** Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R). Indicate your answer using the codes given below :

**Assertion (A) :** According to Flynn, performance on IQ tests has substantially increased around the world at all age levels.

**Reason (R) :** Performance on IQ tests is because of the interaction between genetics and environment.

**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

**Question Nos. 46 to 50 :**
Read the following paragraph and answer the five questions which follow :

The concept of variable is of central importance in research. In psychological research, variables can be classified in several ways. Edwards has classified variables in three types – stimulus variables, behavioural variables and organismic variables. From another perspective, variables have been classified into two types – the continuous variables and discrete variables. The discrete variables are further subclassified as real discrete variables and artificially discrete variables.

The variables in research can be defined in various ways, the two common types of definitions being – constitutive definitions and operational definitions. The operationalization of variables is of crucial importance in carrying out actual research. The tentative statements of expected relationship between two or more variables are called hypotheses. The research hypotheses may be directional or non-directional. Needless to say that the hypotheses constitute to be the powerful tools in psychological research.

**46.** Which of the following variable/s can be labelled as organismic variable/s ?
1. Task complexity
2. Intelligence
3. Errors made while learning task
4. Heart rate

**Codes :**
(A) 4 only
(B) 2 and 4 only
(C) 1, 2 and 4 only
(D) 2, 3 and 4 only

**47.** Which one of the following is an example of an artificially discrete variable ?
(A) Number of children in a family
(B) Nationality
(C) Sex
(D) Examination results in terms of pass and fail

**48.** Which of the following is/are operational definitions of intelligence ?
1. Intelligence ratings by an observing psychologist.
2. Intelligence as an ability to think critically, solve problems and adapt to the novel situations.
3. Intelligence as a score on Raven's Progressive matrices.

**Codes :**
(A) 2 only (B) 3 only
(C) 1 and 3 only (D) 1, 2, 3

**49.** 'Males are more extraverted than females' is an example of
(A) Null hypothesis
(B) Non-directional hypothesis
(C) Directional hypothesis
(D) Unverifiable hypothesis

**50.** Which of the following represent/s stylistically correct version/s of a hypothesis ?
1. To study the relationship between intelligence and academic achievement.
2. Is there a relationship between intelligence and academic achievement ?
3. Intelligence and academic achievement are positively correlated.
4. Intelligence and academic achievement are unrelated.

**Codes :**
(A) 1 only (B) 3 only
(C) 1 and 2 only (D) 3 and 4 only

Prepp
Your Personal Exams Guide

**45.** नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) का नाम दिया गया है । नीचे दिये कूटों की सहायता से अपना उत्तर बताएँ :

**अभिकथन (A) :** फ्लिन के अनुसार, बुद्धि लब्धि (IQ) परीक्षणों में निष्पादन विश्व भर में सभी आयु स्तरों पर काफी बढ़ गया है ।

**कारण (R)** : IQ परीक्षणों में निष्पादन आनुवंशिकी तथा वातावरण के बीच अंत: क्रिया के कारण होता है ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

प्रश्न **46** से **50** :

निम्नलिखित परिच्छेद को पढ़े और नीचे दिए पाँच प्रश्नों का उत्तर दें :

शोध में चर का प्रत्यय केन्द्रीय महत्त्व का है । मनोवैज्ञानिक शोध में, चरों को विविध तरीकों से वर्गीकृत किया जा सकता है । एडवर्ड्स ने चरों को तीन रूपों में वर्गीकृत किया है – उद्दीपन चर, व्यवहारपरक चर और जैविक चर । एक अन्य परिप्रेक्ष्य से, चरों को दो रूपों में वर्गीकृत किया गया है – सतत चर और असतत चर । असतत चरों को आगे वास्तविक असतत चर और कृत्रिम रूप से असतत चरों के रूप में वर्गीकृत किया गया है । शोध में चरों को विभिन्न तरीके से परिभाषित किया जा सकता है । सामान्य तौर पर दो प्रकार की परिभाषाएँ दी जाती हैं – संघटक परिभाषाएँ और प्रचालनात्मक परिभाषाएँ । वास्तविक शोध करने में चरों के प्रचालनीकरण का अत्यधिक महत्त्व है । दो या ज्यादा चरों के बीच प्रत्याशित सम्बन्ध के अंतरिम विवरण को परिकल्पना कहते हैं । शोध परिकल्पनाएँ निर्देशनात्मक अथवा गैर-निर्देशनात्मक हो सकती हैं । यह कहना अनावश्यक होगा कि मनोवैज्ञानिक शोध में, परिकल्पनाएँ शक्तिशाली साधन होती हैं ।

**46.** निम्नलिखित में से किन चरों को जैविक चरों का नाम दिया जा सकता है ?

1. कार्य जटिलता
2. बुद्धि
3. कार्य सीखते हुए त्रुटियाँ करना
4. हृदय की धड़कन

**कूट** :

(A) सिर्फ 4 (B) सिर्फ 2 और 4
(C) सिर्फ 1, 2 और 4 (D) सिर्फ 2, 3 और 4

**47.** कृत्रिम रूप से असतत चर का उदाहरण निम्नलिखित में से क्या है ?

(A) परिवार में बच्चों की संख्या
(B) राष्ट्रीयता
(C) लिंग
(D) पास तथा फेल वर्गों में परीक्षा परिणाम

**48.** बुद्धि की प्रचालनात्मक परिभाषा निम्नलिखित में से क्या है ?

1. प्रेक्षण करने वाले मनोवैज्ञानिक द्वारा बुद्धि का श्रेणी निर्धारण
2. आलोचनात्मक रूप से सोचने की योग्यता के रूप में बुद्धि समस्याओं का समाधान करती है और नूतन स्थितियों के साथ समायोजन करती है ।
3. रेवन के प्रगामी आधात्री (मैट्रिसिस) पर स्कोर (प्राप्तांक) के रूप में बुद्धि

**कूट** :

(A) सिर्फ 2 (B) सिर्फ 3
(C) सिर्फ 1 और 3 (D) 1, 2, 3

**49.** 'स्त्रियों की तुलना में पुरुष ज्यादा बहिर्मुखी होते हैं', यह किसका उदाहरण है ?

(A) निष्प्रभावी परिकल्पना
(B) गैर-निर्देशनात्मक परिकल्पना
(C) निर्देशनात्मक परिकल्पना
(D) असत्यापनीय परिकल्पना

**50.** निम्नलिखित में से क्या परिकल्पना का शैलीगत रूप से सही रूप (या संस्करण) बताता है ?

1. बुद्धि और अकादमिक उपलब्धि के बीच सम्बन्ध का अध्ययन ।
2. क्या बुद्धि तथा अकादमिक उपलब्धि के बीच सम्बन्ध है ?
3. बुद्धि और अकादमिक उपलब्धि सकारात्मक रूप से सहसम्बन्धित है
4. बुद्धि और अकादमिक उपलब्धि असम्बन्धित है ।

**कूट** :

(A) सिर्फ 1 (B) सिर्फ 3
(C) सिर्फ 1 और 2 (D) सिर्फ 3 और 4

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Space For Rough Work**